भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1129
दिनांक 5 फरवरी, 2026

राजस्थान में तेल कंपनियों द्वारा किया गया सीएसआर व्यय

1129. श्रीमती संजना जाटवः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान की सभी तेल कंपनियों द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) व्यय का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) राजस्थान की तेल कंपनियों द्वारा उक्त अवधि के दौरान किए गए सीएसआर व्यय का जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त राज्य में तेल कंपनियों द्वारा पिछले तीन वर्ष के दौरान सीएसआर निधि के माध्यम से वित्तपोषित परियोजनाओं और योजनाओं के प्रकार क्या हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) विगत तीन वित्तीय वर्षों अर्थात् 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान राजस्थान में तेल कंपनियों द्वारा सीएसआर व्यय का विवरण निम्नानुसार है–

(धनराशि लाख रुपए में)

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां	2022-23	2023-24	2024-25
बीपीसीएल	40	134	218
ईआईएल	9	24	44
गेल	109	709	100
एचपीसीएल	2285	112	234
आईओसीएल	581	1434	2817
ओएनजीसी	414	1889	1118
ओआईएल	97	98	183
योग	**3535**	**4410**	**4714**

(ख) से (ग): कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के तहत अभिज्ञात शीर्षों के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा स्वास्थ्य (पोषण, स्वच्छता एवं पेयजल), शिक्षा, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण उन्मुखी पहलों एवं वयोवृद्धों और दिव्यांगों की देखभाल पर विशेष बल देते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) संबंधी कार्यकलाप किए जाते हैं। सीएसआर, एक बोर्ड आधारित प्रक्रिया है और कम्पनी के बोर्ड को उसकी सीएसआर समिति की सिफारिशों के आधार पर सीएसआर कार्यकलापों की योजना बनाने, संस्वीकृति देने, निष्पादित करने और निगरानी करने का अधिकार प्रदान किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) परियोजनाओं एवं योजनाओं का राज्य-वार, जिला-वार विवरण सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनियों की संबंधित वेबसाइटों अर्थात् www.ongcindia.com, www.iocl.com, www.engineersindia.com, www.bharatpetroleum.com, www.hindustanpetroleum.com, www.gailonline.com, www.oil-india.com पर उपलब्ध हैं।

*****